उत्तर—उपचार नयथी ए दुवार नांम किवांड नो जनाये छै जिम लोक आषाढ़ पिंण पांणि पड़े पड़ताल मांहि थई पड़े ते माटे पड़ताल पडे ईम कहे पांणिने पिंण पडनाल कहो तथा अनुयोग द्वारे रूजु सूत्र नयरोधणो पाथाने धांनने बिहुंने पायो कहै तिम कुंवाड़ा ने दुवार कहै ते पिंण नय वचन जणाये छे, अर्थसई पिंण उघाड़ा किवाड़ न कल्पे ईम द्वारनो अर्थ किवाड़ कियो छै तथा जंबूद्वीप पन्नती में कह्यो सुसेन सेनापती तामस गुफाना दीक्षण दुवार उघाड्याते उघाड़वो किवाड छै दुवार किम घटे१ तथा ज्ञाता अः१६ सागर पिंण वाल घर ना दुवार उघाड़ो नीकल्यो कह्यो २ तथा प्रश्न व्याकरण अः ८ में कह्यो सोलवन्त ते सिद्धा ना अने देवलोक ना दुवार उघाड्या ३ तथा विपाक अः १ स्रघा रांणी भूआराना दुवार उघोडा कह्या ४ ईम अनेक ठांमें किवाड़ ने दुवार शबदे करो कह्यो तथा जंबूद्वीप पणति में सूसेन सेनापति तामस गुफा नाकिवाड़ उघाड्या कह्या ईम किहांई किवाड उघाड़ा कह्या किहांई दुवार उघाड़ा कह्या ते सामान्य विसेष सबद छै ते भणी उघाड्या किवाड़ साधवी ने न कल्पे कह्यो तिहारे जडवो ठहर्यो ६२

प्रश्न—विहार करतां मार्ग में पृथ्वी हरी आया तेपीज मार्ग जांवणो क नहीं।

उत्तर—आचारंग श्रुः २ अः ३ उः १ कह्यो विहार करतां मार्ग अई वीज हरी पांणि माटी होय नो छते रसते ते मार्ग जावणो नहीं ईण न्याय रस्तो नहोय तो तेमार्ग रो दोष नहीं जिम नसीत उः ३

तीन घर उपरन्त साहमो आख्यो बरज्यो ते लेखे तीन घर नो लेणों कह्यो नमीत उ: १० कुनवन्त साध ने तीन घर उपरन्त आहार देणो वरज्यो ते लेखे तीन घर नो देणो २ नसात उ: १४ पाला रे तीन पुंसलो उपरन्त तेला टिक देणो बरज्यो ते लेखे तीन पुंसलो लगावणो ३ तथा दसमो धान्निक अ: ५ उ: १ गा: ४० पूर्ण मासी उठी देवेतो लेणी बरज्यो ते लेखे उणा गर्भवालि रा हाथ सूं लेणों ४ नमीत उं: १७ कह्यो छते उपाश्रयमरोखा साधू ने उतरवा न देवे तो डण्ड कह्यो ५ आचरङ्ग श्रु: १ उ: ५ में कह्यो उचि भूमि खाई गदन्ने मार्ग छते रसते न जावणो तथा मतवाला हसतो खांनादिक ने मार्ग छते रसते न जावणो तथा खाड कांटां खोलां थलने मार्ग छते रसते न जाणो ते लेखे रसतो श्रोर न होय तो जाणो तिस छते रसतें प्रथवो हरी अपवाला मार्ग न जाणो श्रोर मार्ग ने होय तो जावे बिसतार सहित कुमति विहण्डन ग्रन्थ थी जांणजों ६३

प्रश्न—सोले वचन जाख्या विना सूत्र ने वांचणो क नहीं।

उत्तर—प्रश्न व्याकरण अ: ७ कह्यो सोले वचन ८ विभक्ति तद्वि- डातलिंग समास प्रत्यय १२ भाषा सम्यग प्रकारे जाणी ने कहणि ईम अरिहंत नीं श्रज्ञा छे ईहां तोजे विभक्त न जाणो तो ए अम- कडी विभक्त छे ईम करणें बरज्यो ईम बचन न जाख्यो तो ईम कहणो ए सर्वदं एक बचन छे, तथा होवचन छे, स्त्रीलिङ्गादिक न जाणे तो तेहजन थापणो जे धातुया दिक न जाणे तो न कहणो, ए अमकडि धातुया दिक छे अने जो ए सर्व जांख्या विना सूत्रन वाचणे है तो तिहा १२ भाषा पिण कही तो मुसलमांनि पिसाची सोरसे नी अप्रस्नांसा आदि अजाण तेहने लेखे सूत्र न वाचणे अने भगवती श्रा: २५ उ: ६ साधुने जघन्य ८ प्रवचन मातारा जाण कह्या ते माटे ए सर्व जाण्या विना सूत्र नवांचणे एहवो नेयम नथी ६४

प्रश्न— उघाडे मुख वोल्यां चोफरसी भाषारा पुद्गल थी अठ फरसी वायु कायारा जीवकिम मरै।

उतर—भाषा थी अठ फरसी अचितवायरो उपजाते आठ फरस थी सचित वायरा नो घात होय ठाणांगठां ५ उ: ३ पांच प्रकारे अचित वायुरो उठै ईम कह्यो, ते माटे भगवती श: १६ उ: २ इन्द्र उघाड़े मुख बोलेते भाषा सावद्य छै मुखे हाथ वस्त्रादि देई वोले ते निर्वद्य भाषा कही, जीवानी रूषा कही १ तथा साधुरे मुहपती घणे ठांमें कही २ तथा दसमो कालिक अ: ४ मुंह नी फूंक थी वाउ काय नी अजेणा कही ३ तथा प्रश्न व्याकरण प्रथम अध्येयन मुख थी वाउकाय हणे ईम कह्यो ४ ईम अनेक ठांमें मुख थी वाउकाय हणाय ईम कह्यो ६५

प्रश्न—विजये बिमाण जायते केतलाभव उतकृष्टा करे।

उत्तर—पणवणापद १५ उ: २ कह्यो विजय विमाण देव आगमीये काले पहला देवलोक में देवता पण ५ तथा १० तथा १५ तथा संख्याता इन्द्री करसे पणे कहिवे च्यार भवतो सोधर्म देवलोक में देवता ना ४ मनुष्यना अने सन्नती रो १ विजय विमान रो २ ए सर्व १० भव ईग्यारमो वलि मनुष्य केत ईम ११ तो कह्यो १५ भव तांईमा नहीं कह्यो ६६

प्रश्न—लोकमंण री मातारो नाम समयागे केकई कह्यो अने प्रसिद्ध सूमित्रा कह्यो ले किणनाय।

उत्तर—जे सूमित्र राजा नो बेटी ते भणी सूमित्रा कहैते माठे लक्षमणरो मातानो नांम सूमित्रा ईज प्रसिद्ध छै ६७

प्रश्न—ग्यांन नो दर्शन नो अराधना वाला ना उत्कृष्टा १५ भव भगवती श: ८ उ: १० कह्यो ते किण न्याय।

उत्तर—टीकामें कह्यो चारित्र सहित ग्यांन, दर्शन, नो अराधना ईहां कहीजे १५ भव कह्या ते चारित्र अराधना ने बलेकरे

सम्यंक्त देस व्रत ना भव उत्कृष्टा असंख्याता कह्या तिहां जघन्य चारित्र रा १५ भव कह्या देस चारित्र जघन्य चारीत्रमें न सम्भवे १ भगवती श: १२ उ: १० टीका में चारित्र आत्मा वाला संख्याता काह्या २ तथा भगवती श: ८ उ: २ पांच चारित्र थीयरता चारित्र जुओ कह्यो ३ तथा अनुयोग द्वारे अर्थ में समदृष्टी श्रावक रा उत्कृष्टा भव असंख्याता काह्या ४ तथा भगवती श: १५ गोसाला ने छे हड़े समदृष्ट आई कही अने भवघणा करसीते माटे १५ रोनियस नथी ठहरयो वली केवली वदे ने सत ६८

प्रश्न—सीताजी चोथी नारकी गई कह्यो ते बात मिले क नही।

उत्तर—भगवती श: १६ उ: ८ कह्यो नाग कुमार दुजी नारकी तांई मेह वरसावे आसूर तीजो नरक तांइ मेह वरसावे विमानीक सातमी नरक तांइ मेह वरसावे कह्यो ते माटे ए बात सूत्र थी विरुट नहीं मीलती छे ६९

प्रश्न—वेद समक्तखयोप सम सम क्त किण ने कही जे।

उत्तर—जे समकित मोहणी रा दलीया वेदे- तेह में छेहला समय में वेदक समकित कहीजे अने छेहला समय टाल ओरसमायांमे खयोप सम समक्तवेदक तांई ९ समय नथीति ऐक समयमे छे ७०

प्रश्न—आहारीक सरीर वालामें मति श्रुति मन परजाय ए ३ ज्ञांन पावे तिणामे अवध दर्सण छे क नही

उत्तर—भगवती १: ८ उ: २ अवधि दर सन मै ३ तीन ज्ञांन मति श्रुति आवधि ज्ञांन री नीयमा कहीते माटे मति श्रुति मन पर जाय ए ३ ज्ञांन वाला में अवधि दर्शन नथी ७२

प्रश्न—चोरिंद्री ना अपर्यासा में उपयोग केतला।

उत्तर—पणवेण पद ५ जघन्य अवगाहना वाला चोइंद्रीमें दो ज्ञान दो अज्ञान दरसण कह्या अने वासठिय में कह्या अपर्यासा

में चरक दर्शन न कह्यो ते इन्द्री पर्याय बांध्या पहीला अपर्याप्ता आश्री छे ७३

प्रश्न—च्यार समय नि वीग्रह गति वालो अण आहारीक केतला समय रहे ।

उत्तर—विचलावे समये रहे पहीलो छे हलो समय आहारीक पणवाणा पद १८ छदमस्थ अणा आणा आहारीण नीकथीते उतकृष्टा वेसमनी कहीछे अने चार समय नीविग्रह गति भगवती श: उ: कही छे ७४

प्रश्न—ऋषभ देवना साधु लोगस किसो करता हु'ता ।

उत्तर—अनुयोग द्वारे दुजा आवसगमें तीर्थंकर मागुण कय अर्थाधिकार हुवो कह्यो ते माटे जे 'तीर्थंकर रो सासन तेहना गुणरूप दुजो आवसग छै त तथा ऋषभ रा साधु आगली चोवीसीरा नाम लेवे तो पि'ण अटकाव दीसे नहीं वावीस जिन ना साधु अने महा विदेहना सारे अपडि कमणो धर्मछैते दुजा आवसगमें विद्य मान जिन ना गुण करता दीसछे वलि बहु श्रुति वदे ते सत्य पिण अनागत जिनने तो वांदे नहीं समवायंगी भरत ईरवत्नी अतीत चोवीसी रा नाम कह्या वंदे पाठ घणे ठामे कह्यो अने भरत ईरव नी अनागत चोवीसी रा नांम कह्या पिण वंदे पाठ किहां ईनथी जे माहावीर ना गणधरे अनागत जिन नवांदे तो ऋषभना गणधर साधु लोगसमै अनागत 'जिन किम वाधे तथा अ'तगडमें नेमनाथ स्वामी परखदा में क्रष्ण न कह्यो तु' वारमो 'जीन थासी अने ठांणगठा ८ माहावीर श्रेणक नै कह्यो तु' प्रथम जिन थासी तो पिण क्रष्ण श्रेणक नेसाध श्रावके न वाद्यो अपुठा साधांरे पगे लागा तो ऋषभरा साधु लोग समै अनागत जिन किम वांदे जिम उपासग दसा ज्ञातादिक में नाम छे साधारा ते ऋषभने वारे न हुवे सुतरा नाम तोतेहीज पिण अर्थाधिकार

हुवो तिम ऋषभ नें वारे आवसग में पिण दुजा अध्ययन में अर्था-धिकार जुओ छो अतित तथा विद्यमान तिम सम्भवे भरथजी मरीच ने वांद्यौ कई छे ते सूत्र में न थी ७५

प्रश्न—पोङ्गल नि ग्रन्थ वेसाली श्रावके प्रश्न पूछा ते कुण।

उत्तर—केई साधू कहै केई श्रावक कहै ते माटे निश्चय बात केवली जाणे ७६

प्रश्न—जमाली रा भव केतला कह्या।

उत्तर—भगवती श: ९ उ: ३३ च्यार पांच तिर्यंच मनुष्य देव भव कह्या तिहां केई १५ भव कहै केई २० भव कहै तत्व जाणन्ति अर्हन्ता ७७

प्रश्न—वृहत कल्प उ: ३ साधू काल कीयां एकान्त परठणो कह्यो ते किण न्याय छे।

उत्तर—ए उतकृष्टी विध आखी कह्यो तथा जंबू द्वीप पन्नती कह्यो ऋषभ देव १० हजार साधां साथे मुगत गयां ईन्द्रा तिहां तीन चिता करी तीर्थंकर १ गणधर २ सेष साधांरी ते माटे गृहस्थ बाले तो दोष नही लागे साधु ने ७८

प्रश्न—जे नीहांणा रा धणी समक्त न पामें दशा श्रुत स्कंधमें कह्यो अने कृष्ण द्रोपदी आदि सम्यक्त पामा ते किम।

उत्तर—ते समक्त न पामें कह्या ते तीव्र रस उतकृष्टा रसना नीहांणा कह्या दिसे छे अने मन्दर सते मध्यम रसना नीहांणा वाला केई समकित पामें पिण चारित्र न पामें कृष्णा दिक सरीखा केई नीहांणोपूर्ण थयां पछे सम्यक्त चारित्र बिहु पामें द्रोपदी वत् ते अभ्यान्तर मन्दर सते जघन रसनो नीहांणो जनाय छे ७९

प्रश्न—द्रोपदी समदृष्ट किवारी पामी।

उत्तर—ओघ निरयुक्ति नी टीकागन्ध हस्ती आचार्य्य कृत ते मध्ये :द्रोपदी रे एक पुत्र थयो तिवारे निहांणो पुरो थयो समदृष्ट पांमी कही छे ८०

प्रश्न—सूर्य्याभ प्रतिमा पुजी ते लोकीक खाते अथवा लोकत्तर हेत।

उत्तर—उघ निरयुक्ती नीटीका गन्ध हस्त आचार्य्य क्रत ते मध्ये इम कह्यो छे जे द्रव्ये लिङ्गी तथा दिगंवर सम्बन्धी चेत्य सम्यक्त द्रष्टी न सम्भवे जे द्रव्य लिङ्गी दिगंवर मीथ्या द्रष्टी ते माटे तो स्वर्ग लोके सूर्य्याभा दिक सासता चेत्य पूजे ते प्रतमा ने सङ्गम सरीखा अभव्य पिंण माहरी २ ईम बङ्ग मान थको पूजे तेहमें सुर्य्याभा दिक किम पुजे जे सूर्य्याभा दिक सास्वता चेत्य पुजे ते कल्प स्थीती ना वस्य थकी ईम उघ निरयुक्ती नी टीका में थीति राखवा माटे पूजता कह्या पिंण धर्म्म हेते ईम नहीं कह्यो ८१

प्रश्न—सूर्य्याभ ने ओर देवतां कह्यो जे जिन प्रतीमा अने दाढा पूजे ते पहिलां पछे "हिया ए सूहाए खमाए नीस्सेय स्साए अणुगामी यत्ताए" एहनो परमारथ किम।

उत्तर—इहां राज बेठां पछे सगला पहिलांए कार्य्य करणो देवता कह्यो ते संसार ना मङ्गलीक ने अर्थ, "पुष्प पछा हिया ए सूहाए खमाए निसेसाए" कह्यो पिंण "पच्चा हियाए सुहाए" न कह्यो पच्चा पाठ सूर्य्याभ बिजय पोलीयारे अधीकारे पिंण पच्चा पाठ कहतां परलोक में ते लोगोत्तर अने पब्वि, पच्चा, कहतां ईहां भणी ईण भव में पहिलां पछे ते लौकिक मङ्गलीक नो कारण अने राय प्रसेणी में भगवन्त ने वांद्या तीहां पच्चा हिया ए खमाए निसेयसाए अणु गामि त्ताए" ईहां पिण पच्चा कह्यो पिण पेच्चा नहीं कह्यो अने दिक्षा लेता ईम कह्यो ईण द्रष्टान्त जन्म मरणोरी लाय मांहि थी माहरो आत्मा वारे काढ्यो छते पर "लोयस्स हिया ऐ सूहाए" ईत्या दिक पाठ कह्यां लाय थी धन बाहर काढे अने प्रतिमा पुजी तिहां पछा पाठ कह्यो अने पेच्चा किहां नथी अने दिक्षा लेतां तथा भगवन्त बांद्या तिहां पेच्चा तथा पर लोय सहियाए" ए वचे ठामे पिण

पेहवा पाठ नथी अने प्रतिमा पूजी तिहां पेहवा पाठ सूर्याभ विजय पोलीया री करे अधिकारे पिण पेहवा पाठ किहाई नथी ८२

प्रश्न—कोई कहे "निसेसाए" कह्यो तेहनो सूं अर्थ ।

उत्तर—"निसेसाए" कहतां मोक्ष नो अर्थ तो मोक्ष नाम मुकाय वानो छे लाय मांह थी धन बारे काढे तिहा पिण "निसेसाए" कह्यो ते दलद्रनो मोक्ष छे दलद्रनो मुकायओ छे जिम राज बेठां प्रतीमा पुजे संसार ना मङ्गलोक रे अर्थे तिहां "निसीयसाए" कहतां विघन नो मोक्ष छे विघन नो मुकायोवो छे ईण भव नो मोक्ष छे अने वितराग बांद्या पेहवा पाठ माटे "निस्सेयसाए" एतो निरूप द्रव्य मोक्ष छे तथा भगवती श: १५ गोसाले आनन्द ने कह्यो चोथी सिखर फोडतां वाणियां नेतिण डोकरे वेरज्या तेहने "सूहाएं खमाए निस्सेयसाए" हित सोख खेमने अर्थे निस्सेयसाए एतो मोक्षने अर्थे तिम्म पिण विघन नो मोक्षने अर्थे पिण निरूप द्रव्य मोक्ष नहो पच्चा पाठने ठामें निस्संयसाए ते ईह भव नो मोक्ष छे ते लोकोक अने पेच्च तथा परलोयस्य पाठ ने ठामे "निसेय साए एतो निरूप द्रव्य मोक्ष छे इह लोक में तो संसार ना मङ्गलोक न अर्थे तुङ्गीया नगरी रा श्रावकारे अधिकारे पिंण कह्यो कय को उय को उय मङ्गल पायछिता पाठ कह्यो कय कहतां कीधा कोउ कहतां कोतिक तिलकादिक मङ्गल कहतां मङ्गलीक रे अर्थ दव्य अक्षत दहोयः दिक ईम कह्यो तिम सुरीयाभ पिण संसार ना मङ्गलोक ने अर्थे प्रतिमा ते पूजी ते पिण थीति राखवा माटे ८३

प्रश्न—उवाई प्रश्न १४ अम्मड कह्यो जे मोने अरिहन्त अरिहंत न चेत्य ए टाल अनेरा बांधवा न कल्पे ते चेत्य कुंण ।

उत्तर—ईहां चेत्य सबद साधु रो छे पिण प्रतिमा नथी अने प्रतिमा होय तो साधु टल्यो तो साधुने किम वांदे अरिहंत ये देव

अने अरिहन्त ना चेत्य ते साधु ए गुरु ए देव गुरु टाल ओरं ने वादवां न कल्पे ८४

प्रश्न—उपासग दसा अ: १ कह्यो आणन्द अन्य तीरथी १ अन्य तिरथीना देव २ अन्य तिरथी ग्रह्या अरिहन्त ना चेत्य ३ ए तीन नमिवा बांदिवा नमस्कार करवो पिण बोलयां बोलावीवो असणा दिक देवो देवावयो न कल्पे ईहां अन्य तीरथी ग्रहित चेत्य कुण।

उत्तर—ए चेत्य साधु पिण अन्य तीरथी में जाय मिल्या अन्य तीरथो री सरधा मिलता छे जमालि आदि ते पिण चेत्य ईहां पिण प्रतिमा नथी प्रतिमाने बोलावे किम आहार किम देवै पहिलां बोलाय वारो आहार देवा रो त्याग कीया ते माटे प्रतिमा नहीं सरधा भ्रष्ट साधु छे अन्य तीरथीयां आपणा करी ग्रह्या छे तथा अन्य तीरथी रो सरधा आपग्रही छे तेहने बांदवो पहलां बोलायवो आहार देवो न कल्पे अन्य तीरथी रा देव हरी सिव ते पिण बेंग-मान हूंतो पिण प्रतिमा नहीं ८ ठाणांगाठाणे ८ चेडा नो पुत्री सूयेष्टा दिक्षा लीधां पछे तेहने पुत्र सिव थयो कोईक योग थकी ते पिण वीरे वारे हूंतो ते अन्य तीरथी रो देव तेहने पिण बंदी पहलां बोलाय आहार देवो न कल्पे पिण प्रतिमा आस्री नहीं ८४

प्रश्न—चमरेंद्र ३ सरणा ले सुधर्म स्वर्ग गयो तिहां अरिहन्त चेत्य ते कुण।

उत्तर—इहां चेत्य नाम ज्ञांन रो जणाय छे सामान्य ज्ञानवन्त छेदमस्थ अरिहन्त ते अरिहन्त चेत्य दीसे छे जे सक्र ईन्द्र बिचार्यो अरिहंत १ अरिहन्तना चेत्य २ अणगार ३ तीना रा सरणा थी चमर आवे अने मे वज्र मुक्यो छे तो रखे अरिहन्त १ भगवन्त २ अणगार नो असातना थाय ईहां अरिहन्त चेत्य रे थांनके भगवंन्त कह्या भग-वान नाम ज्ञान रो पिण छे ते माटे सामान्य ज्ञानवन्त अरिहन्त ते अ-रिहन्त ना चेत्य जणाये छे, समावायंग में चोबीस तीर्थङ्कर ना चोबीस

चेत्य रूप कह्या, जे वृक्ष हेठे ज्ञांन उपजे तेहनी ज्ञांन वृक्ष कह्या तथा भगवती श: २० उ: ९ जङ्घा विद्या चारण तेह चेईयाई, वन्दे ई, ईहां पिण चेत्य नाम ज्ञांनरो छे सम्भवे ईम चेत्य नाम ज्ञांनरो कह्यो छे ८५ *

---

* तथा सारस्वत सूत्र थी तथा कविकल्पद्रुम ना धातु पाठ नी साषी सहीत तथा हेम व्याकर्ण पञ्चमें अध्यायना प्रथम पद नी रीते चेत्य सब्द ज्ञान सिद्ध कीयो छे ते लीख छे;

ज्ञान अर्थस्य चेत्यशब्दस्य व्युत्पतिर्वभण्यते
चितिज्ञाने अयं धातु: कविकल्पद्रुमधातुपाठे
तकारान्त चकारधधिकारेऽस्तितत्था ह्री
चते भूयाचेचीतीज्ञाने चित्ङक्चितीकिं
स्मृतो इत्यादि: इकारानुबन्ध: त्वाक्ययोरिणनिषेधार्थं
पस्चात्चित् इतिस्थिते ततो नाम्युपधातक: इति
सारस्वतोक्तसूत्रेणक: प्रत्यय:
तथा हेमव्याकरण प्रञ्चमाऽध्यायस्य प्रथमपादोक्त
नाम्युपांत्य प्राक्रगद्ज्ञ: क: अनेनापिसूत्रेणक:
प्रत्यय: स्यात् ककारोगुणप्रतिषेधार्थ: पश्चायचेतती
जानाती इति चित: ज्ञानवानित्यर्थ: तस्य भाव
चेत्यं ज्ञानमित्यर्थं भाव तद्विसैत्तापणप्रत्यय:
हेमाचार्य कृत व्यारण सास्त्रोरीते चेत्य सब्दने ज्ञान सिद्ध कीयो छे।

प्रश्न—जंघा विद्या चारण लब्ध फोरी नन्दी स्वर रुचक दीप जाय तिहां चेईयाइं, वन्दइ, तिहां वांदे कह्या ते चेत्य कुण ।

उत्तर—इहां चेत्य सब्दे ज्ञान सम्भावीये छै वन्दे नाम गुण ग्राम नो छै जिम भगवान दाह्या हुंता तिम हीज देख्या थका धन भगवान रो ध्यान धन भगवान रो ज्ञान रा गुण कीया छै जे जणाय छै अने जो प्रतिमा कहे तो तिणरे लेखे नमसइ, पाठ कहतां तथा नमो थुणं गुणतां साधा ने तथा भगवान ने वाद्य तिहां वन्दइ, नमसइ, पाठ घण ठामें कह्या छै अने नमसइ, पाठ इहां मुल थकी ज नथी वन्दिइ, ते गुण ग्राम रो छै दशवी कालक अ: ५ उ: २ गा: २८ वन्द माणो जन जाइथा वांद तो गुण ग्राम करतो अहारी दीन जावे वन्दइ, नाम गुण ग्राम रो छै घणे ठामे कह्यो छै तिम वन्दइ, नाम इहां पिण गुण ग्राम रो छै वलि मानुष्योतर पर्वत पर ठांणागठा ४ उ: ३ च्यार कुट कह्या पिण सिद्धान्त न कुट कह्यो नथी टीकामें १२ कुट कह्या ताम देवता रा वासा कह्या पिण सिद्धायतन कुट टीका में पिण न कह्यो तिहां चेइयाइ, वन्देइ, पाठ कह्या इहां किसा चेत्य वान्ध्या होता इहां सिद्धातन कुट नथी वलि बिना आलोयां मरे तो विराधक कह्या ते माटे लब्धि फोरी जाय ते कार्य सावद छै ८६

प्रश्न—प्रश्न व्याकरणे तीजेसंवर द्वारे कह्यो आचार्या दिक नी व्यावच करे ते चेईअठे निरधरठी इहां चेत्य कुण ।

उत्तर—इहां चेत्य नाम प्रतिमा ने न सम्भवे प्रतिमा री व्यावच किम करे वलि नव, सिष्य, तपसी, रोगी, सधरमीं, सर्व कह्यो छै इमे प्रतिमा क्यूंकही जिन प्रतिमा नि सरीखो कहै तिण र लेखै सगला पहलां कहो जें पिण इहां प्रतिमा री वेयावच न सम्भवे चेत्य, साधुने घणे ठांमें कह्यो छै कलाणं १ मङ्गल २ देवयं ३ चेईयं ४ चित्य प्रश्न कारी ते माटे साधु ने चेत्य कह्या आगे तो आचार्या दिक नाम लेई कह्या छै छेहडे चेत्यार्थ साधु पण नि अर्थ छे जेहने विषे

एहवा अनंत वाला दिक साधु नो वेयावच करे निर्जरहो कहतो निर्जरथो थश्रो एकतो ए अर्थ सम्भवे छे तथा चैत्य नाम ज्ञान रो छे ए आचार्या दिक नो वेयावच करे ते चेइयं कहतां ज्ञान रे अर्थं ते पिण निजराहो ते निजरा नो अर्थ छतो पिण पूजा प्रसादीक नो अर्थ नहोय एवो जो अर्थ पिण मिलतो छे केतला एक प्रथम न्याय कहे छे ते भणो बहु न्याय कह्या छे ते बहुमोलना छे एकेक सब्द ना अर्थ मिलता अनेक कह्या छे टीकामें ते माटे एक पाठरा मिलता अर्थ घणा हुवे तेहने दोष नहीं अरह कहतां पूजा योग छे अरह कहता नहीं रहवा नो इम एक शब्द ना अर्थ अनेक सम्भवे छे ८७

प्रश्न—प्रथम आश्रव द्वारे प्रतिमा कही ते केहनी।

उत्तर—प्रथवो काय केहने अर्थे हणे गढ कोट ते इत्यादिक कही सिखर बन्द देहरा प्रतिमा पिण कही इहां तो प्रथवो कायरो आरम्भ उलखायो तेहने जैन सिवा दिक ना सर्व देहरा प्रतिमा आया एतलारे अर्थे प्रथवी हणे ते मन्द बुद्धी अत्यन्त माहा मुरख मति ज्ञान रहित कह्या वलि अर्थ धर्म काम हेते तेहने हणे तेहसे कड़वा फल कह्या तथा प्रश्न व्याकरण अ: ५ प्रतिमा परिग्रह में कही ते परिग्रह बान्धा धर्म नथो साधु तीर्थङ्कर परिग्रह में नहीं २ आचारङ्ग श्रु: १ अ: १ जन्म मरण मुकायावा आरम्भ करे तिणने अहित अबोध नरक, रा फल कह्या ३ तथा आचारंग अ: ४ उ: २ धर्म रे अर्थे जोवने हणवा ए तोन काल रा तीर्थकरा नी वाणी कही ४ तथा सुयगडाङ्ग श्रु: २ अ: २ जे समण माहण हिंस्या परुपे तेहने घणो मोच्च मारग रोग सोग वालारां विजोग दुस्मण रा संजोग कहा ५ तथा आचारंग श्रु: १ अ: ५ उ: २ धर्म हेते जीव हणा दोष नथो इम कहे तेहने अनार्य कह्यो ६ इत्यादिक अनेक ठामे हिंस्या रा फल कड़वा कह्या ८८

प्रश्न—सेतुंजो सासतो क असासतो।

उत्तर—भगवती श: ७ उ: ६ कह्यो गङ्गा सिन्धू वैनद्री अने बेताड बरजी सर्व पर्वत थल बिलय होय जासी इम जंबू द्वीप पन तीमें कह्यो ८६

प्रश्न—संखेसरा पार्श्व नाथ नी प्रतिमा चन्द्र प्रभुना वारा नी कही तथा भरत देहरा अष्टा पदे कराया कहै ते माहावीर ना वारे लगी रह्या गोतम वान्द्या इम कहै सै किम।

उत्तर—भगवती श: ८ उ: ९ तलाव व देहरा दिक क्रतम बस्तु नी थित संख्याता काल नी उत्क्रष्टी कही अने ए काल असंख्यातो थायो ते माटे ए बात मीले नहीं देव प्रभावे कहै तो देवता कोई बस्तु नी थीती बधारवा असमरथ छे ९०

प्रश्न—सूत्र में तीर्थ यात्रा किसी कही।

उत्तर—भगवती श: १८ उ: १० सोमल ने श्री महावीरजी तप नो सयम सिझाया दिक धान दिक् नाय ले ते यात्रा कही १ तथा ज्ञाता अ: ५ सुखदेव ने थार्वचा पुत्र पिण ज्ञांन, दर्शन, चारित्र, ना यतन ते यात्रा कही २ उतराध्ययन अ: १२ गा: ४६ ब्रह्मणा ने हर-केशी मुनी शील रूपीयो तीर्थ कह्यो ३ तथा भगवती श: २० उ: ८ साधु, साधुवी, श्रावक, श्रावीका, ए च्यार तीर्थ कह्या सेत्रुजा अष्टा-पद्र प्रमुख ने पर्वत कह्यो पिण तीर्थ कह्यो नहीं ९१

प्रश्न—"कय बलि कम्मा" नो अर्थ किम।

उत्तर—भगवती श: २ उ: ५ टीका में तो स्वग्रह देवता ना पोता ना घरना देव पुजा इम कह्यो ते लेखे कुलरा देव मिले भगवान तो तीन लोक रा देव छे तेहना घरर देव नहीं तथा "कय बलि कम्मा" नो अर्थ कोई सिनांनो विशेषण जलांजल कुरला दिक पिण कहै ते क्रिम ज्ञाता अ: २ में कह्यो भद्रा पुत्र नी वांछाई करि यच्छ नाभ भूत पुजवा गई तिहां वावडी में जल किड़ा करी न्हाया

"कय बलो कमा" इहां बावड़ो मैं केहा देवनो प्रतिमा पुजो नागा दिक नी प्रतिमा तो वावड़ी थी नीकल्या पछे पुजो छे १ तथा ज्ञाता अ: ८ मल्लिनाथ पितारे पगे लागा तिहां जाव सब्द म "कय बलि कमा" कह्या ते तीर्थङ्कर किसो देव पुज्यो २ तथा ज्ञाता अ: १६ द्रौपदौ ने नहावा ना घर में सिनान बलि कर्म करो पछे सूध वस्त्र पहस्या कह्या तो स्त्री जात सुभावो नग्न थई नाहवा बेठे तिहां केह्यो देव पुज्यो ३ तथा भगवती श: ९ उ: ३३ देवा नन्दा जमाल नाहावा ना घरमें बलि कर्म कस्यो ४ तथा भगवती श: ७ उ: ९ वर्ण नाग नटुऔ नावा ना घरमें बलि कर्म कीधो ५ तथा राय प्रसेणी में कह्यो कठियारा वनमें सिनान करी बलि कर्म कीधो ६ तथा प्रदेसी ने केसी कह्यो तुम निज घरमें नहाइ बलि कूर्म करी देव पुजवा जातां विजे भंगी सेतषांना में बोलावे तो तुं जावे इण नहाया ना घरमें बलि कर्म कीधो देव पुजवा तो पछे चाल्यो ते पाठ तो जुवो छे ७ तथा उवाइ में कोणक वीर वांदवा जातां सिनान वीस्तार सहित वर्णाव्यो तिहां "कय बलि कमा" मूलगो पाठ ज नथी जो बलि कर्म प्रतिमां नी पूजा होय तो इहां अव्यस्यमें व जोइये ८ तथा जंबू द्वीप पणति में भरतजी रे स्नान बिस्तार सहित कीयो कह्यो तिहां पिण बलि कर्म सब्द न कह्यो अने कोणक भरतने नाहवा नो अधिकार संखेपे कह्यो तिहां नाहांया "कय बलि कमा" पाठ ठाम २ कह्या ते माटे बलि कर्म नाहवा नों बिसेष जणाय छे नहातां जलांजलंकुरला कुलाल लट अर्थ देवा ना ठांम लेवा मरद न उगटणा प्रमुख दीसे छे ९२

प्रश्न—तथा श्रावका ने अवेभ्रा कह्यो तेहनो न्याय कह्यो किम।

उत्तर—रोगादिक पीड्या देवता नो साहज ने वांछे तथा पाषण्डी आवी गावे तेहने पोते जवाव देवा समर्थ पणि देवता नो साहज न बंछे तथा भगवती स: १ उ: ५ टीकामें पिण एमज कह्यो छे पिण संसार ने हेत सम्यग दृष्टी पिण देवता तो साहाय वांछे छे जंबू द्वीप पन्नती

में कह्यो भरतजी चक्र रतन ने पूज्यो १३ ते लोकीक पावे भरत खेत्र साधतां किधा मागधादि देवने बांण मुके ते बांण मुके ते बांण में देवता नें नमस्कार करी लिखे छै १ तथा ज्ञाता अ: १ अभय कुमार धारणी रो डोहोलो पूरवा तेलो कियो तेणे देवता नो साहज को नहीं वांछ्यो २ तथा उपासग दसा अ: १ आणंद ६ आगार राख्या देवा भिउ गेणं ते देवता ना योग थी अन्य तीरथी ने देवबन्दना करवा रो आगार राख्यो २ तथा सूयगडांग श्रु: २ अ: १ अर्थ दण्ड में नाग हेतु वा भूत हेतु वा यक्ष हेतु वा कह्या ४ तथा पाण्डुराजा कृष्ण नारद ने पगे लागा कह्या ५ तेथा ज्ञाता अ: ८ मलिनाथ पिता ने पगे लांगा ते पिता श्रावक पणो मलिनाथ संजम लीधा पछे आदर्यो छै ६ तथा हिवडा पिण पड़िकमणा में केतलाए सासन देवीनो २४ यच २४ यक्षणी नी थूई आ कहै छै तेण साहज वांछ्यो क न बांछ्यो अने सूत्रमें तो प्रतक्ष समदृष्टि लोकिक खाते कुल देवादिक नी साहज बाछता कह्या पिण धर्म्म हेते माने नही:८३

प्रश्न—चेत्य सब्द तीर्थङ्कर ने किणे सूत्र में कह्यो।

उत्तर—राय प्रसेणी में सूरयाभ अमल कम्पा नगरी माहावीर ने दीठा तिहां चित व्योतङ्ग छामिणं समणं भगवं माहावीरं बन्दामि नमंसामि सकारेमि समाणेमि कैलाणं मंगलं देवयं चेइयं पजुवा सामिणं पेञ्चा हियाए सूहाए खमाए निस्सेयसाए अणु गामित्ताए भवीसइ” इहां भगवन्तरा ४ नांम कह्या तेहनो अर्थ टीका में इम कीयो कल्याणना हेतु ते भणी भगवांनने कलणं कहीजे १ दुरत उपसम हेतु ते भणी मङ्गल २ तीन लोकना अधिपति देवने माटे देवतं ३ प्रसस्तमनन हेतु ते माटे देवतं भगवन्त ने चेत्य कह्या ५ इहां तीर्थङ्कर ने चेत्य कह्या तथा भगवती श: २ उ: १ खन्धक माहावीर ने बांधवा नीकल्यो तिहां पिण माहावीर ना नाम में ४ चेत्य नाम कह्या तथा जाव सब्द में माहावीर ना ४ नाम कह्या तेह में चेत्य सब्दे माहावीर

नें घणे ठामें कह्यो छै भगवती श: ११ उ: ९ सोव राज ऋषी माहा-वीरने चेत्य कह्या ३ तथा भगवती श: ११ उ: ११ तापस पिण माहा वीर ने चेत्य कह्यो २४ तथा भगवती श: ९ उ: ३३ ऋषभदत्त ब्राह्मण पिण माहावीर नें चेत्य कह्या ५ तथा भगवती श: १२ उ: १ ऋषि श्रावके माहावीर इसी भद्र पुत्र प्रमुख श्रावके माहावीर ने चेत्य कह्या ७ तथा भगवती श: १६ उ: ५ गङ्ग दत देवै माहावीर ने चेत्य कह्या ८ इहां सर्व ठांमें इह भवे पर भवे हियाए तथा पेच्चा हियाए सूहाए इत्यादिक कह्या किहां जाव शब्द में कह्या पिण पेच्चा पाठ हियाए नथी इम तीर्थङ्कर ने चेत्य अनेक ठामे कह्या राय प्रसेणो री टीका में चित प्रश्न ना हेतु ते माटे ए चेत्य अर्थ सर्व ठामें करवो ९४

प्रश्न—साधु ने चेत्य किसा सूत्र पाठे कह्या।

उत्तर—भगवती श: २ उ: ५ तुङ्गीया नगरी ने श्रावके थिवरांने कलाणं, मङ्गल, दवयं, चेइयंए, ४ नाम कह्या कल्याण ना हेतु ते भणी कल्याणं १ दुरत उपसमावण रा हेतु ते भणी मङ्गलं २ धर्म्म देवते भणी दवयं प्रचित प्रश्न ना हेतु ते माटे चेत्य इम ४ नाम साधु रा छै चेइयं रो अर्थ राय प्रसेणी री टीकामें कह्यो ते हिज अर्थ जे जे ठामें साधु ने चेत्य कह्य ते सर्व ठांमें करवो १ तथा सूयगडांग अ: २३ गोतम साधु ने पिण चेत्य कह्यो २ तथा ठाणागठा ३ तथा भगवती श: ५ उ: ६ सुभदीर्घ आउखो वांधे साधारा ४ नाम में चेत्य साधु ने कह्या २ तथा ठाणांगठा २ उ: २ देवता धर्माचार्य्य ने वांदवा आवे तिहां कलाणं, मङ्गल, देवइ, चेइयं, इहां पिण साधा ने चेत्य कह्या ४ तथा ठाणागाठा ४ उ: ३ आचार्य्यादिक ने देवता वांदवा आवे तिहां पिण ४ नाम में साधु छै ते चेत्य नाम साधु ने कह्या ५ इम अनेक ठामें साधु ने चेत्य शब्द कह्या छै ९५

प्रश्न—उतराध्येयन अ: २८ गा: २४ तथा नदी में पयना कह्या

तथा अनुयोग द्वारे निरयुक्ति कही ते पयन्ना निरयुक्ति प्रमाणीक छे ते मानणीक नहीं।

उत्तर—ए उतराध्येयना दिक सूत्र माहावीर छतारा छे ते मध्ये पयना निरयुक्ति कही ते पिण भगवांन छता कीधा छे तेतो सिद्ध छे मानवा योग छे पिण पयना नीरयुक्ति दीसैःनहीं हिवड़ा पयना नीरयुक्ति पाछला रा वैणाया छे पिण मुलगा नहीं जे आवसक निरयुक्ति भद्र बाहु नी कीधी कहै भद्र बाहु नी कीधो विरुध छें न सम्भवे अने निरयुक्ति में अनेक बिरुध छे ते लिखीय छे ठाणागाठा ४ संनत कुमार चक्री ने मोक्ष गया कह्या अने आवस्यक निरयुक्ति मैतीजे देवलोक गया कहैछे ए विरुध छे उवाइ भगवती पण वणा में कह्यो उत्कृष्टो ५०० धनख री अवगाहना री सीझे अने निरयुक्ति में मरु देबीरी ५२५ धनुख री अवगाहना कही २ समवायंगी ऋषबाहुबल री आउखो ८४ लाखपूर्वरो आयुखो कह्यो अने निरयुक्ति में ऋषबाहु बल एक समय ए मोक्षगया कह्या ३ मलि नाथ ने चारित्र केवलि एवं कलाण ज्ञाता अ: ८ पोह सुदी ११ कह्या अने निरयुक्ति में मगसर शुदी ११ कहै ४ तथा निरयुक्ति में कह्यो साधु पञ्चक में काल किया ५ पूतला भैला बालव इम निरयुक्ति में विरुध बांता घणी छे ते माटे ए पयना निरयुक्ति प्रमाण नहीं ८६

प्रश्न—तीन आगम सूत्रागम १ अर्थागम २ उभयांगम ३ कह्या तो हिवडा अर्थागम किम।

उत्तर—अच्छम्भासई अरहा सून गुच्छइ गणहरा निउणा अर्थ भाष्या अरिहन्त ते अर्थ नोज गण धरे सूत्र गुच्छो छे ते माटे ते अर्थागम सूत्रागमे अन्तर छे तेहज अर्थ प्रगट करे तेहवो सूत्रागम विगटे नहीं ते जांणा नें अर्थागम कही जे सूत्र रूप जाण पणने सूत्रागम कहो जे ए आगम तो अरूपी छे अने टीका तो पाछला री कीधी छे ते मध्ये अनेक वाता विरुध छे ते आगम नथी ८७

प्रश्न—स्वयं बुद्ध १ प्रते क बुद्धि २ बोधी बोहो ३ तिहां आपरा मनथी सूत्र वाची धर्म्म प्रगट करे ते किसा बोध में।

उत्तर—बोधिते नाम समदृष्ट नो पिण छे तो जे उतराध्ययन अ: २६ कह्यो सूत्र थी समकित पामें तथा नेटी में कह्यो मिथ्याती रा वरतादिक पूर्वापर विरुद्ध छे ते देषी समकित पामें २ तथा भगवती श: ९ उ: ३१ कह्यो श्रावक श्राविका उपासग उपासग उपासिकां रो समभायो समदृष्ट तथा चारित्र पामें ३ तथा अविहार उ: १० कह्यो भेखधारी कने प्रायच्छित नवी दिच्या ले तेपी तेहने कह्यो लेवे ए ४ पाछे कह्या ते किसा बोध में जो एं बुध बोध में हुवे तो सूत्र सूं संजम धारे तो ए बुद्धि बोध किम सम्भवे वलि बहु श्रुते वदे ते सत्य ९८

प्रश्न—भगवती श २ उ: ९ कह्यो माहरो तीर्थ २१ हजार वरस तांई रहसी तो बिचमें सारो विरह किम होसी।

उत्तर—ए तीर्थ नाम सांसनरो जणाय छे जो कोई वेला साधु थाय कोइ वेला साधु न थाय तो पिण सासण वीर तो मिटे नहीं विचे दुजा तीर्थङ्कर रो सासण प्रवर्त्ता जब आगलो सासण मिट्यो कहिये भगवती श: २० उ: ९ ते बीत अन्तरा में दृष्टी वाद सर्व अन्तर में विच्छेद कह्यो अने बिचाला आठ अन्तरामें कालिक सूत्ररो पिण विच्छेद कह्यो पिण सांसण दूजारो न पाय इहां साधु रो विरोह कोणही काले थये तो पिण सांसण माहावीर नो कहीये एहवुं जणाय छे उतराध्येयन अ: २८ तथा भगवती श: २५ उ: ७ टीका में तीर्थ नाम सासण रो कह्यो छे ९९

प्रश्न—सामायक केतले भांगे नीपजे।

उत्तर—जघन छे भागे भगवती श: ८ उ: ५ टीका में कही छे तथा भगवती श: ८ उ: ५ गुणपचास भागा श्रावकरा कह्या ते माटे वे भागे करी मध्यम ८ भागे समायक उतकृष्ट पणे ९ भागे पिण वाथ्या नहीय १००

प्रश्न—शुभ जोग ने सम्बर कहीजे क अजोग ने सम्बर कहीजे।

उत्तर—ठाणां गठां ५ तथा समवायंगी समवाये अजोग ने छेसंवर कह्या अने योग आश्रव कह्या २ तथा अनेयोग द्वारे योगने अने ६ लेस्या ने उदे भाव कह्या जे सुभ जोग कह्या सुभ लेस्या थी पुन ग्रहै ते न्याय सुभ लेस्या सुभ जोग ने उदै भाव कहीजे आश्रव कहोजे २ तथा उवाइ मे निरजरा ने भेदा मे कुशल मन बचन काया रो जोग प्रवर्त्तावणा कह्या ते सुभ जोग थी कर्मकटे ते लेखे निरजरा रो करणो छै निरजरा पदारथ मे पिण सुभ जोग आवे ३ तथा-उतराध्येयन अ: ३४ सुभ लेस्या ने धर्म लेस्या कही ते लेखे सूभ लेस्या ने पिण निरजरा कही छे एहथी कर्म कटे छे ४ तथा उतरा-ध्येयन अ: २९ केवली चवदमें गुणठाणे जाय जद पहिला मन योग रुधै छे पछे वचन योग रुधै पछे काया जोग रुध कह्या जो सूभ जोग संवर होय तो संवर ने किम रुधे रुधवो तो आश्रव नो छे ५ तथा विपाक प्रथम सूख विपाक मे सूमुख गाथा पति प्रथम गुणठांणे साधांने दान दीयो तेहना सूभ जोग कह्या अने प्रथम गुणठाणे संवर रुप वृक्ष वरणव्यो तिहां ध्यान सूभ योग ज्ञान ए ३ पलव अंकुरा ना धरणहार कह्या ते निरजरा आश्री छे उवाइ मे धर्म शुक्ल ध्याने अने कुसल जोग निरजरा मे कह्या अनु-योग द्वारेमे ज्ञान ने ख्यायक निसपन कह्या खय उपसम नि सपन कह्या ते पिण ज्ञानावरणी रो ख्ययक खयोपसम निसपन छे ते पिण निरजरा उजल जीवछे ते भणी सूभ ध्यान सूभ जोग ज्ञान रुप वलव कह्या छे ते निराजरा रुप छे संवर करता सहचर निर-जरा होय ते माटे संवर रुप वृक्षरा वरणव में निरजरा ने पिण कथन आयो छे पिण सूभ योग न संवर कही जे १०१

प्रश्न—फटक सिंहासण सूभाविक के देव कृत।

उत्तर—स्वभाविक जणाय छे भगवती श्र १५ भगवंत रे अर्थे

वीजोरा पाक कीधो ते न लीयो तो देव क्रत सिंघासण किम भोगवे ते माटे तीर्थंकर ना पुन थी फटिक सिंघासन सूभाविक दिसे जुगलीया रा पुन थी कल्प वृक्ष पूरवे ते पिण सुभावीक छे जिम वालक रा पुन्य थी माता ने स्तने दुध श्रवे पिण देव क्रत दुध न थी तिम फटक सिंघासण तिसय पुन्ये करी छे समवायंगे कह्यो चक्र छत्र चाम २ फटिक सिंघासन ईन्द्र धजा पुर उगछेइ कहतां आगे चाले इम कह्यो तथा पिण देवता चलावे ईम न कह्यो तथा आधा करमो न कल्पे १०२

प्रश्न—कर्म्म ग्रन्थ देवेन्द्र सूरनो कीधो ते सत्य क नहीं।

उत्तर—घणी वातां तो सूत्र मिलतो छे ते तो शुद्ध अने कोई वातां सूत्र विगटे ते भणी सर्व प्रमाण नथी आ गाथा वारमा गुणठाणा २ कह्यो अने भगवती श: ८ उ: २ एकेन्द्री ने मिथ्याति कह्या १ तथा आगा साधु रे निच गोत्र गोत्र उदय नथी कह्या अने उतराध्येयन अ: १२ हर केसी चण्डाल साधु हुता २ तथा कर्म्म ग्रन्थे पांच में गुणठाणे वेक्रय वरज्यो अने उवाई में अम्मड श्रावके वैक्रिय रूप कीया कह्या ३ तथा कर्म ग्रन्थे चवद में गुणठाणे ३ सरीर नो उदय नथी ओर पिण घणा बोल टालया अने उतराध्येयन अ: २९ गुण-ठाणे १४ तीन सरीर कह्या ४ तथा कर्म ग्रन्थे चक्षु, अचक्षु, दरसण में गुणठाणा १२ कह्या, अने भगवती श: १५ उ: ७ सूक्ष्म सम्पराय में दरसण नथी इम कह्यो ५ तथा कर्म ग्रन्थे मति श्रुति आवधि ज्ञान में गुणठाण ८ कह्या चोथा सू वारवां ताई अने भगवती श: ८ उ: २ बे इन्द्री में दोय ज्ञान कह्या तेम न्यायमति श्रुति ज्ञान में बीजो गुण-ठाणो पावे अने बीभंग ज्ञान में प्रथम तेजो गुण ठाणा तिहां तीजो गुण ठाणो पिण पावे तथा कर्म ग्रन्थे च्यार गुण ठाणे ३ माठी लेस्या पावे उपरन्त न पावे इम कह्यो किहांइक छे गुणठाणे में पिण कह्यो ए पिण पूवा पर विरुद्ध छे ७ तथा कर्म ग्रंथे विक्र-

लेन्द्रि :में असनी में २ अज्ञान अचक्षु में ए ३ उपयोग कह्या अन भगवती श: ८ उ: २ दोय ज्ञान पिण कह्या ८ तथा कर्म ग्रन्थे स्त्री पुरुष में जीवरा भेद च्यार कह्या अनै जीवा भिङ्ग में असनी ने नेपुसक कह्या ६ कर्म ग्रंथे सूख संपराय में ६ योग यथा ख्यात में ११ आठमा थी बारमा तांई ६ जोग कह्या अनै भगवती श: १ उ: १ अप्रमादि ने अणारंभीक कह्या सुभयोग कह्या १ तथा कर्म ग्रन्थे तिर्यञ्च रो आउखो पुन कह्यो अनै सुखमरो आउखो तो प्रत्यक्ष पाप दीसे छै ११ इत्यादिक विरुद्ध वातां घणी छै सर्व मानवा योग नहीं सुत्रन विगटे ते वात प्रमान ने करवी १०३

प्रश्न—विपाक में मृगा राणी गोतम ने कह्यो मुहपती करी मुख बाधो ते मुख नाम किणरो ।

उत्तर—ए मुख नाम नाक रो छै दुर्गन्ध ने अर्थे कह्यो दुर्गन्ध तो नाक ने इज आवे ते भणी नाक मुख कह्यो ज्ञाता अ: ८ कह्यो जित सत्रु आदि छै राजा दुर्गन्ध करी व्याप्या थका उतरा सेणी करी आसातो पोहिति कहतां मुख ढाके १ तथा ज्ञाता अ: ६ जिन ऋष जिन पाल पिण मृतक न गन्ध थकी व्याप्या वस्त्रे करी मुख ढाक्या कह्या २ तथा ज्ञाता अ: १२ जित सत्रु राजा दुर्गन्ध व्याप्या वस्त्रे करी मुख ढाक्या कह्या ३ इम नाक ने मुख घणे ठामे कह्यो तथा निरावलिया अ: १ श्रेणक ताड पुड विष आसग सिंपच्चेवेति कहतां मुखमें प्रच्चे येइहां घावे जेणी करी तेहने मुख कह्यो कांन आंख नाक गाल होठ हडवडिया दिक मुखना अशय छै ते सर्वनइ मुख कहीजे आचारङ्ग अ: १ उ: २ प्रथवी कायरी वेदना उपर जनम अन्ध पुरुष नो दृष्टान्त कह्यो तिहां ३२ जागा भाले भेदे घडगी छेदे तिण मुख नो नाम न कह्यो ,कान, आंख, गाल, नाक, होठ, जीभ, दांता, दिक :मुखना अव्यव कह्या ए सर्व ने मुख कहीजे ते भणी म्यारो मूखरा नाम न कह्या ते भणी नाक ने पिण मुखना

अवयवं माटे मुख कहीये वलि गौतम रे मुंहपती न हुंती तो मृगा घाणी थी वात करी ते वेला उघाड़े मुख वात किम करी उघाड़े बोले नही ते माटे मुख आडि तो जयणा पहीला जणाय छे पछे नाक ढांकवारी कह्यो छे १०४

प्रश्न—आचारंग मे मांस मद्य खावणो कह्यो ते मांस नामे केहनो।

उत्तर—ए मांस नाम वनसपति नो गिर दीस छे भगवती श: ८ उ: ८ पंचेंद्री मांस खाता तो नरक कही छे तथा प्रश्न व्याकरण अ: साधांने मांस खावणो वरज्यो छे ते माटे ए वनसपती नो मांस छे पणवण पद १ कुलियां ने हाड़ कह्या २ तथा दसवीकालक अ: ५ उ: १ गा: ७३ कुलिया ने हाड़ कह्या २ इम कुलियां ने हाड़ अनेक ठांमे कह्या तिण न्याय गिरने मांस कही जे १०५

प्रश्न—जांणवा नो जाणं तीव देय एहनी अर्थ सू।

उत्तर—एहनो अर्थ इम करवो जांणवा जांणवौं छतो पिणं जांणंति जाणु छु इम नो वदे व्यानक है इम नकार देवा लारे जोड़वो मृगादिक जीवा ने पुंछ्या मुन कहो पछे तो मुन इज हढ़ कोधा पिण झुठ न बोले दसवी कालक अ: ७ गा: १ असम मिश्र सर्व थावर जीते माटे १०६

प्रश्न—आचारंगे लुण खाणो कह्यो ते सचित क अचित।

उत्तर—अचित विलवण ते वलो तेहने विलवा लुण कहीजे उंद भिदे ते पिण पचायो नसोत चुर्ण मे इउ सप घावे तेहने उभिधं लवण कहीये आचरंग श्र: १ अ: २ उ: सचित पाणि अजाणे आया तेहने ठांमे घालणे तथा परठणे कह्यो पिण पोणो न कह्यो तो लुण सचित किम खाणो कह्यो वृत्ति कार पिण अचित कह्यो छे कारणे सचित थाप्यो ते विरुध छे पाठमे अपवाद न कह्यो ते माटे १०७

प्रश्न—ज्ञाता अ: १६५ वासुदेव ने ३२ सहस महिला समचे कही छे ते केहनी पुत्री।

उत्तर—सोले सहस देवो ते राजा नो बेटी अवे सोले १६ सहस महिला ते श्रेष्टी प्रमुख नी बेटी एवं ३२ सहस स्त्री जिम चक्रवर्त्ते रे ३२ उडु कल्यानीहा अने ३२ सहस जणवय कल्याणीया तिहां एह टीका मे ३२ सहस राजा नी कन्या कही जे ३२ सहस सेठ प्रमुख नी बेटी तिम इहां पिण जणाय छे१०८

प्रश्न—मलिनाथ न अवधी ज्ञानी ज्ञाता में २००० कह्या अने समयमे ५९०० कह्या तेहनो नाय किम।

उत्तर—जे आवधि ज्ञांनी घण प्रकार ना कह्या छे ते माटे बीस सौ कह्यो ते अनेरा प्रकार ना होस्ये सर्व प्रकारना ५९०० इम जणाय छे नंदी म अवधी छ प्रकार ना होसे ते भणी न्याय दीसे छे १०९

प्रश्न—मलीनाथ ना मन पर्यव ज्ञानी ज्ञाता अ: ८ मे ८०० कह्या अने समवयागे ५७०० कह्याते किम।

उत्तर—नंदी सूत्र मे मन पर्यव ज्ञांन ना २ भेद कह्या ऋजु मती १ विजल मति ते मध्ये ८०० अनेरा प्रकारणा होस्ये अने सर्व ५७०० इम जोयतो कारण नही जिम कल्प सूत्रमें पार्श्व नाथने चारित्र छ सयाश्रिउसइणं अठसया विउलम इण इम मन पर्याय ज्ञानी ना भेद जु जुआ कह्या छे इम जोयतो पिण कारण नही ११०

प्रश्न—साधु रे पोसह हुवे क नही।

उत्तर—दसाश्रुत खंध अ: ५ जे साधु पक्षी रे दोन उपवास करे तो अधिक धर्म माटे पोसह कह्यो १११

प्रश्न—छेदपो स्थाप नीक चारित्र रा धणी जघन्य उतकृष्टा प्रतक सो कोड भगवती श: २५ उ: ७ कह्यो ते किम।

उत्तर—टीका मे कह्यो उतकृष्ट प्रतक सो कोड ते तो आद

तीर्थंकर न तीर्थ आव्यो अने जघन्य पिण प्रतक सो कोड़ कह्या ते सम्यक प्रकारे न जाणिये जे भणी दुखम कालरे छेहड़े भरता दि १० क्षेत्र एक साधु १ साधुवी इम वेठ हेतो २० हुवे ते माटे अने अनेरा आचार्य इम कह्यो छे ए जघन उतकृष्ट वेह आदि तीर्थंकर नो जे तीर्थ काल तेहनो अपेक्षा ये इज जणाय छे प्रतक सो कोड़ जघन्य अलपतर उतकृष्ट वह्ह तर एहवुं टीका मे कह्यो छे ११२

प्रश्न—तीर्थंकर नो जन्म तीजे चोथे आरे हुवे किण सूत्र कह्यो।

उत्तर—भगवती श: २५ उ: ७ छे दोप स्थापनी चरित्र रो विरह सम काले दस क्षेत्रा मे पड़तो जघन्य ६३ हजार वरसरो कह्यो जे छठो प्रथम बीजो ए ३ आरा ईकवी स २१ हजार वरस बा ते भणी ६३ सहस वरस आवे तीजा आरा ना केई वरस निकल्या तीर्थंकर जन्मे पछे दीक्षा ले तीर्थ प्रवर्तवइ तिवारे छे दोपस्थाप नीक दूजे हजार वरस्याए अधिका वरते छे ते अलप माटे तेहने नले-खवीया ते भणी ६३ सहस वरसा रो ज बीरह कह्यो इण न्याय तीर्थंकर विजे आरे न जन्मे ११३

प्रश्न—कृष्णजी तीजी नरक थी नीकल तीर्थंकर होसी विचे और भव करी तीर्थंकर हो होसी।

उत्तर—नीरयाउ नर भव मिदेवो हो कृण पंचमे कप्पे तउभुउ सेमाणा वारसमो अम्ममती वरो १ इति रतन संचय प्रकरण मध्ये ते सूत्र विरुध छे अंतगड़ मे कह्यो कृष्णजी तीजी नरक थी नीकली अंतरा रहित तिम पणवण पद २ कह्यो ४ नरक थी निकली अंतरा रहित मोक्ष जावे अने परंपरा मोख जाये अने छठा सातमी था अंतर गत ने साझे परंपरा गत सीझे तिम कृष्ण जी पिण तीजी थी अणंतर मोख जासी पिण विचे भव न करे भवकरे तो परं

प्रश्न गत कहीता ते माटे विच भव करवो कहै ते विरुध छे वारमो तीर्थंकर होसी इम हीज ठाणांग आठमा ठांण नी वृत्ति में कह्यो तथा तेरमा जिन हो सी अने कोइक तेरमो कहै ते अजाण छे समवयंगे पिण अमम नाम वारमो ज कह्यो छे अने पाछला भवरा नामा मे नंद सूनंद ए वे नाम आठमा रा पूर्वाचार्ये कह्या ते माटे क्षष्ण वारमोज हुवे जिम समवायंगे एरवीर नी अनागत चोवीसी रा पाछला भव रा नाम म सव सेण, १ अयमंत २ नाम तेरमा रा कह्या तथा देवानंन्दा ने अनंन्त विजय ए वे नाम बीसमा पिण दीसे छे तथा भरत नी वरत मान चोवीसी में सूविध अने पुष्फदंत ए वे नाम नवमा रा पिण छे तिण आणंन्द सुनंद ए वे नाम आठमा ना जणाय छे कृष्ण बारमो होसी ११४

प्रश्न—माखण वे घड़ि पछे जीव उपजे क नही अभक्ष कहीजे क नही।

उत्तर—वृहत कल्प उ: ५ पहिले पोहर माखन वहरी तीन पोहर मरदन करणो कह्यो गाढा गाढ करणो चोथे पोहर मर्दन करणे कह्यो १ प्रश्न व्याकरण अ: संजम जात्रा पले तिम घृत माखणां दिक भोगवणां कह्या २ नसीत उ: १ घृत माखणं दिक मैंथूने निमत षांणा वरज्या पिण और कारण न वरजो ३ इम अनेक ठांमे कह्यो ते माटे अभक्ष न कहीजे ११५

प्रश्न—पैतालिस महिला वत्तीस प्रमांण १३ प्रमाण नही ते किम।

उत्तर—चउ सरण १ भत्त परिग्या २ संथारपयनो ३ ए तीन पयना पिण्ड निरयुक्ति ४ पञ्च कल्प ५ जीत कल्प ६ ए छ नी नंदी सूत्र में सांख न थी अने माहा नसीत मध्ये अकह्यो ए माहा नसीत रा केई पाना उदेई खाधाते आचार्य्यं मिली नवा घाल्या इम माहा नसीत डोहलांणो ते पूर्वा चार्य सरध्ये न थी एव ७ निर्मुला

पुठे रह्या छे तेह में .पिण विरुद्ध वाता घणी छे ते माटे किण होकि निरयुक्ती चुरण भाष्या दीपका टोकां टीका कीधा नहीं तेह भणी प्रमान नहीं अने पुठे रह्या वतीम तेह प्रमाणीक छे ११६ ·

प्रश्न—चोरासी आगम रा नाम किसा सूत्रमें कह्या।

उत्तर—२८ उत कालिक ३१ कालिक ६० वारे अङ्ग एवं ७२ आठ सक एव ७३ नन्दी सूत्र कह्या पच्च सुत्र रानांम व्यवहार दस में उदेसे कह्या ७८ अन्तगड दसा अणुतरोवई इमे दस पए हावा गरण दस वन्ध दसादोगीद्धिदसा दिह साए ६ नाम ठाणांगठाणे १० कह्यो इम ८४ आगम जणाय छे ११७

प्रश्न—कोई कहै कल्प साधु ने उघाड़े द्वार इम कहै पिण न कल्पे किवाड़ जडवो इमकुं कह्यो नहीं।

उत्तर—वृहत कल्प उ: ३ कह्यो साधु साधवी ने जांघी कांचुवो न कल्पे अने कल्पे .साधु साधवी ने जांघी कांचुवो ते लेख कांचु आ विना साधवी ने न कल्पे तिम वृहत कल्प उ: १ न कल्पे साधवी ने उघाड़े किवाड नकल्पे साधुने उघाड़े किवाड़ रहिवो ते लेखे किवाड जडि रहिवो न कल्पे २ तथा ठाणगाठा ४ उ: १ कल्पे साधुने ४ पछेवडि राखणी ते लेखे अधिक न कल्पे ३ तथा ठाणा गाठा ८ कल्पे आठ गुण सहित ने ए कल्प पडिमा धारवो ते लेखे ८ गुण विना न कल्पे ४ तथा ठाणागठां ४ उ: १ कल्पे पडिमा धारो ने ४ भाषा बोलणी ते लेखे अधिक न कल्पे ५ तथा दसा स्रुत स्कन्ध अ ७ कल्पे पड़ीमा धारी ने ३ संथारा ते लेखे अधिक न कल्पे ६ तथा वृहत कल्प उ १ कल्पे १ साधवी ने ग्रामा दिक मे सेखे काल दोय मांस चोमांसे ४ मास ते लेखे अधिक न कल्पे ७ तथा वृहत कल्पउ: ३ कह्यो कल्पे साधु साधवी ने वड़ा लहुडा वन्दना करवो वस्त्रा सोझा संथारो ते लेखे वड़ा लहुडाइ विना कल्पे नहीं ८ तिम कल्पे साधुने उघाड़ा दुवार ते लेखे जड़िवो रहवो नही। तथा उतरा

ध्येयने अ: १५ गा ४ कह्यो किवाड़ मनकर पिण न वांछणो ८ तथा आवश्यक अ: ४ थोड़ो उघाड्यो किवाड़ ते पिण उघाड्यां दोष कह्यो १० तथा सूयगडांग अ २ उ: १ कह्यो साधुने किवाड जडवो नहीं ११ इम अनेक ठामें साधुने किवाड़ बरजा छे ११८

प्रश्न—सर्व द्रव्य थकी आहारहत केतला अने देस द्रव्य थकी आहारहत केतला।

उत्तर—पड्मंमि सव्व जीवावीय चरिमें हि सव्वदव्वे हिंसे साम इव्वया खलुतदेकाइ संमिनायवा १ प्रथम बीजो पांचमो सर्व द्रव्य थकी ए गाथा पणवणा पद अर्थ में कह्यो छे तेहनो न्याय पाठमें दीसे छे ११९

प्रश्न—क्षण रा जीव मध्य वासी लोकांति कीया केतला भव करसी।

उत्तर—ठाणागठा ८ टीका में एकावतारा कह्या १२०

प्रश्न—सुतेन्द्री ना विषय १२ जोजन नो कह्यो अने सोधर्म इन्द्रनो सूस्वर घंटा घणी दूर थी सूणे इमजं घणन्द्री नो विषय ९ जोजन्नेकह्यो अने देवताने ५०० जोजन थी दुरगन्ध आवेते किम।

उत्तर—एविषय उदारीक शरीर वाला रीदीसें छे पर वैक्रिय सरीरवाला रे नसम्भवे तथा छन्दा रेन्याय दीसे छे ठाणागठाण अर्थ में कह्यो छे १२१

प्रश्न—चक्षु इन्द्रीनो विषय लाख जोजन झाझेरो कहे जे वैक्रिय लाख जोजन करे खांड़ने विखे पाषाणा दिक देषवा थकि झाझेरो ते तो ठीक पिण पूर्वार्द्ध द्वीप ना मनुषोतर समीपे मनुष दिवसो लाख ३४ सहस्र ५०० ने ३७ प्रमाणांगुले नीपना जोजन थकी सूर्य्य उगतो आथमतो देखे छे अने इहां थोडो विषय कह्यु ते किम्।

उत्तर—इहां प्रासवस्तु अधिक विषय हि प्रिण है इहां चक्षु

इन्द्री नो विषय प्रमाणांगुल है अने शेष तीन इन्द्रयां नो विषय छे
हे गुल हुई पणवणा १५ अर्थ म इ १२२

प्रश्न—आचाराङ्ग शु: २ अ: २ उ: १ कह्यो मञ्च माला प्रसाद ने
विखेय कारण विना न रहणो ते किम्।

उत्तर—जिम आचाराङ्ग शु: २ अ: १ तथा दसमीकलीक अ: ५
उ गा ६७ कह्या माचा माला प्रसाद ने विखे जे निसरणो पीटा
दिक माटी चढ़ै तेहने अन्तलिख कह्यो जेते जागा ते तुं आहार
देवे तो न कल्पे पिण गथीया सहित अन्तलिख नहीं कह्यो जे तिम
आचाराङ्ग शु: २ अ: २ उ: १ पिण मञ्चमाला अन्तलिखजागा रहवो
वरज्यो छे ते पिण नीसरणीया दिक मांडि चड़ो न रहवो ए न्याय
छे पगथीया सहित उंचे स्थानके अन्त लिख न कह्यो ते माटे तिहां
रह्या दोष नही १२३

प्रश्न—पात्रा रंगणा क नहीं।

उत्तर—नसीत उ: १४ पात्रा रि ३ पुंसली उपरान्त तेला दिक
न लगावणो अने तीन पुंसली उपरन्त लोद चुर्ण लगावणो वरज्यो
ते लेखे ३ पुंसली लगायां दोष नहीं सुरछाइ न रंगणा १२४

प्रश्न—वस्त्र रे तैल लगावणो क नहीं।

उत्तर—नसीत उ: १८ वस्त्र रा अधिकार कह्यो तिहां एहवु
पाठ छे जो चेवो पड़िग्गह गमनो सोचेव छेणंवि इम पात्ररो मोतिम
वस्त्ररो पिण कहिवों इण न्याय वस्त्ररे पिण ३ पुंसली लगायां तैला
दिक नो दोस नहीं वर्ण पात्रां रे लालकालो पिण लगावे पात्र रे
रङ्गण न वरजा ते माटे अने वस्त्रां रे आचारंग में रंगणा वरज्यो छे ते
माटे रंग न लगाणा पात्रा रे अलावे वर्ण चुर्ण कह्या ते वस्त्र रे
आगले वर्ण धवलोइज तथा घृत तैला दिक नो वर्ण लेवो पिण
कोयला दिकथी न रंगणा १२५

प्रश्न—गृहस्थ ने घरे देसणा देणी क नहीं।

उत्तर—अन्तर घरमें वेसणो नहीं १ सीलोक १ गांथा टीक थी अधिक न टाहणो अने अन्तर घर बिना उर्जागा वेठा तथा देसना दीध्यां दोस नही सूयगंडा ग अ: ९ गा २९ अर्थ में गृहस्थ ने घरे वेसी धर्म देसना देणी कह्यो तथा उपासग दसा अ: ७ भगवान पिंण सिकड़ाल पुत्र री हाटे आवीधर्म कह्यो २ तथा सूयगंडा ग श्रु: २ अ: ६ गां १७ १८ उपगार जाण तिहा भगवान जायने दु विध धर्म कहै ३ तथा पुष्फाया उपागी अ ४ सूभद्रारे घरे आर्य्या गोचरी गइ तिहां बिचत्र प्रकारे धर्म कह्यो ४ तथा पुष्फाया उपागी अ: ४ सोमासाहनी नेपिंण तेहने वरो खेण आर्य्या बिचित्र धर्म कह्यो ५ तथा ज्ञाता अ: १४ पोटल रे घरे आर्य्या गोचरी में विचित्र धर्म कह्यो ६ तथा ज्ञाता अ: १६ कह्यो सूकमालिका रे घरे आवी देसना दिधी ७ तथा उतराध्येन अ: २४ कह्यो जय घोष मुनि बिजयं घोष रे यज्ञा ने पाड़े आवी समझायों ८ तथा दसवी कालिक अ: ५ गा: ८२ गोचरी गया तिहां निर दोष जागा देखो अज्ञा मांगो आहार करवो कह्यो अने अंतर घर ते रसोडा दिक घर छे तिहां वेसणो नही १२६

प्रश्न—भगवती श: ८ उ: ९ नाम साता वेदनी रा प्रश्न मे जहसतमसये पुसम उद्देसए पाप मे भोलावण की उदे सानी छे।

उत्तर—सात मास तक रा छठा उदे सा में दुषमा दुखम आरा नो वीस्तार छे तीण उदेसे साता वेदनो रो प्रश्न छे तेहनो भोलावण छे ते माटे सातमा सतक रा दुषम उदेसो छठो उदेसा मे कह्या तिम इहां कहवु पिंण सातमा सतक रा दसमा उदेसा रो भोलावन नही १२७

प्रश्न—परमाणु रो वर्ण गंधरस फरस फिरे क नही।

उत्तर—भगवती श: ३ परमाणु ने द्रव्य थकी सासतो कह्यो वर्ण गंध रस फरस आश्री असासतो कह्यो इहां केइ कहै वर्णादिक

पलटो जाय कोइ कहै मुल वर्णादिक न पलटे अने वर्णा दिक में जाय मिले ते आश्री वर्णादिक पजवा असासता कह्या निश्चय बात केवलि जाणे १२८

प्रश्न—नमोबभए लिविए एहनो अर्थ सूं।

उत्तर—१८ लिप ब्राह्मी ने ऋषभ देवजी सिखावी ते ऋषभ देवने ब्राह्मी लिप कही जे तथा जिम अनुयोग द्वारे लिख भाव नयरा धणी पाथो कारण वाला रे उपयोगने पाथी पाथी कही तिम लिप करने वाला भगवान रा उपयोग ने भाव लिप कहीजे ते ऋषभ देव ने नमस्कार कियो अने द्रव्य लिप ने नमस्कार करे तो कुरांण पुरांण किब वेद तिख मन्त्र तन्त्र जन्त्र कोक २९ पाप सास्त्र द्रव्य लिप वन्दनीक हुवे ते वंदनीक ता एक एक भाव श्रुत रा दसांगीज छे ते माटे द्रव्य लिप ने निमस्कार न करवो १२९

प्रश्न—साठ नाम दया रा कह्या तेह में पुजा कही ते सूं।

उत्तर—ए पुजा नो अर्थ इम कीयो छे भव थकी देव नो पुजुवो ते पूया जिम कल्याण १ मङ्गल २ शुचि ३ पविन्न ४ यग्या ५ ए पिण दयारा नाम छे ते भाव कलयाण १ भावे मङ्गल २ भावे शुचि ३ भावे पवित्र ४ भावे यग्य छे ५ तिम पुया कही ते पिण भावे पुजा छे इम होज छे १३०

प्रश्न—कीतय, वन्दिय, महिया, ऐहनो अर्थ सूं।

उत्तर—कितीय ते गुण ग्राम कह्या वन्दीय ते काय जोगे वन्द्या नमस्कार कह्यो महिया ते मन योगे करी धाया ए तिहु योगे करी ने अर्थ भासे छे अने ए लोगस तो च्यारे तीर्थ ने कहिवो अने लोगस ना करता गणधर छे तेहने सचित त्रिविध निषेध छे ते माटे महिया शब्द पुष्पा दिके-करि पूज्या इम अर्थ भासे नहीं अने वृती कार तो इम कह्यो जे पाठ मूल तो कितिय, बन्दिय, महिया, एहवो पाठ छे अने पाठान्तरे मया शब्द रे टीकांणे महिया पाठ छे

ते मह्वीया कहिता तली न पणे करी ध्यान रूपे पूजी इम ध्यावे छ सचित वस्तु विरती तो ग्रहैं नहीं अने लोगस तो साधु पिण कहै तिवारे साधु ने महिया सब्दे फुल पूजा किम ठहरी ततलीन भाव पणे उत्कृष्ट भाव तो सर्व ने करीवुते माटे महिया ते फुल पूजा नथी १३१

प्रश्न—सूयगडाङ्ग अ: १८ संबुंड अणगार रैईरीया वहि क्रिया लागती कही तिहां छेहडे ए पाठ छे एवं खलु तस्स तप्पतियं साव तिस हज्जन्ति एहनो अर्थ स्युं।

उत्तर—इहां तेरे क्रिया में सावद्यं तिरो अर्थ सवद्य इम नहीं एवं खलु० निसचे ईतस्स० ते वितरागरे तथ्य ते आश्री सावद्य तो कहतां कर्म बंधे इम अर्थ कियो वारे क्रिया ठांमे पाप कर्म तेरमी क्रिया रे ठामे पुन्य कर्म बन्धे ए सावद्यं ति पाठरो अर्थ छे पिण पापरो हेतु सावज तेहनोकथन नहीं जिम साधव, वरदांम, प्रभास, ए ३ तीर्थ कह्या पिण ४ तीर्थ में नहीं तिम सावद्यं ति कहतां कर्म वन्धे ते धातु जणाय छे पिण सावज निरवद्य रो कथन ने सावद्य नहीं दीच्या लीधो जब सर्व सावज त्याग्यो तो केवली रे सावज किहां थी रह्यो १३२

प्रश्न—दस वरसां पछे भगवती भणवी व्यावहार उ: १० कह्यो तो धनो ९ मासे ११ अङ्ग भण्यो ते किम।

उत्तर—वीर नो अज्ञाइं दोष नहीं ते ठाणे आगम व्यवहार प्रवर्त्ततो सूत्र व्यवहार रो कांम नहीं व्यवहार उ: १० तथा ठाणा-गठा ५ कह्यो जिवार आ गम व्यवहार ह्वै तिवार आगम व्यवहार थापवो अने आगम व्यवहार न ह्वै तिवारे सूत्र व्यवहार थापवो इम कह्यूं ते माटे केवलि आदेले दोष नहीं १३३

प्रश्न—चैत्य कने आलोवणा करणी कही ते कुण।

उत्तर—व्यवहार उ: १ आचार्य्या दिक जंव पच्छ कडा श्रावक

पासे आलोवणा करणी कही एतला रो जोग न मिले तो गम्यं भावीयाए चेइयाइं कहता सम्यग भावित चेत्य पासे आलोवणां करणी कही तिहां टीका में चेत्य यच्च नी प्रतीमा कही छे ते यच्च भगवत नी तीर्थङ्कर नी सेवा करता छता थांने प्रायश्चित देता देष ति माटे ते प्रायश्चित रो जांण छे ते पासे आलोवणा करणी सूल् अर्थ ते ए कियो ते मोलतो अटकाय नहीं ते सम्मंभावियाए चेइ-याए एह नो अर्थ सूं इम कयुं गम्य क भावित ते जिन वचन वासीत अन्त करण एहवा देवता कने आलोवणा करणी कही ए पिण ए पाठनो अर्थ जिन प्रतीमा तो अधिकाई रो अर्थ कीयो जे ते यच्चसे जो न मिले तो जिन प्रतिमा आगे आलोवणा करणी कही ते संभ-वती दीसे नहीं प्रथम तो एहनो पाठ नथी टीका कार पिण संमे भावियाइं चेईयाई एहनो अर्थ यच्च कियो पिण जिन प्रतिमा न कियो यच्च ने अभावे जिन प्रतिमा कही ते भणीए मिले नही जिन प्रतिमा प्रायश्चित देई सूध किम करे यच्च तो प्रायश्चित देइ सुद्ध करे प्रायश्चित रो जाण छे ते भणी यच्चनो अर्थ संभवे तथा चेत्य पासे ज्ञानवन्त पास आलोवणा सम्भवे छे १३४

प्रश्न—द्रोपदी जिन प्रतिमा आगे नीमोच्छुणं गुणो क नहीं।

उत्तर—ज्ञातारी टीका में कह्यो किणहीक वाचनातो नमो-च्छुण पाठ छे अने किण ही वाचन में देखी ने प्रणाम नमस्कार कियो एतलुं ज छे पिण नमोथुणो नथी एहवुं टीका में पिण कह्यो छे १३५

प्रश्न—दसा श्रुत स्कन्धः ४ अः ४ मैं पडिमा धारी बोहार करतां सूर्य्य आथमें तिहां रहै त्या जलं सिवा थल शिवा ए पाठ कह्यो तेहनो अर्थ सूं।

उत्तर—जलदो तो जल दोस अर्घ ने पिछे जल सीते ज्वाज्वल पमांन सूर्य्य छे ते रहै एतले त्रीजी पोरसी उलंघी चोथी पोरसी इं

सूर्य्य सीतल थयो तांई व्यापी पिण सूर्य्यजाज्वला साम छे ते सथला दिक ने विखे रहै हवुं सम्भवे छे १३६

प्रश्न—उतराध्र्ययन अ: १० कह्यो पञ्चीन्द्री लगता भव ७।८ करे ते किम।

उत्तर—ए तीरयञ्च पञ्चेन्द्री आश्री कह्यो दिसे छे प्रथवीया दिक थी चोरन्द्री तांई तो पहिला कह्या अने देव नारकी नो कथन जुओ आगलो कहस्ये अने मनुष्य पणो दुरलभ वतावे छे ते भणी ८।७ भव कह्या ते तीर्थं पञ्चेन्द्री रा अधिक आउषा आश्री जणाय छे टीका में पिण इम हिज कह्यो छे १३७

प्रश्न—पणवणा पद १७ फुस माण १ अफुस माण गती २ ते केहने कहीजे।

उत्तर—अफुस माण गती जे सम श्रेणी अने जे ठामें रह्यो हो तो जेतला आकास प्रदेस फरस्या हूंता अने तिहां थी गति करे तेतला आकास परदेस फरस्यो हूंतो चले ते अफुस माण गती अने फुसमाण ते नव नवा अकाश प्रदेस फरसे उछा अधिका फरसे ते फुस माण गति सिद्ध नो अफुस माण गति छे दुहउ खुहानइ ते कुण वाहु ना अन्तर में ठांमें विग्रह गति करे फर्शीं ते दुहउ खुहा विहु देसे आकास प्रदेस फरसे छे ते माटे १३८

प्रश्न—जघन स्थिति नी वेन्द्री या दिक में ज्ञान पावे क नहीं।

उत्तर—पणवणा पद ५ कह्यो जघन्य स्थिति नी वेन्द्री तेन्द्री चोन्द्री पञ्चेन्द्री तीर्य्यञ्च मिनुष्य में ज्ञान नथी जघन्य थिति काल में समदृष्टी न उपजे ते माटे १३९

प्रश्न—जघन्य मती ज्ञानी तीर्य्यञ्च मनुष्य में ज्ञान केतला!

उत्तर—पणवणा पद ५ दोय ज्ञान कह्या आवध मन पर्या न पावे १४०

प्रश्न—जघन्य आवधि ज्ञानी मनुष्य में ज्ञान केतला।

उत्तर—पणवणा पद ५ उतकृष्टा ४ ग्यान पावे इम ही जघन्य आवधि ज्ञानी में पिण कहवी १४१

प्रश्न—सिद्धा ने साधिह अपद्यवसिए कहणा के अणादि ए अपद्यवसी ए कहणा।

उत्तर—उतराध्येयन अ: ३६ घणा काल रा सिद्धां रे नाय अणादि ए अपद्यवसिए थोड़ा कालरा सिद्धा आस्री सादिए अपद्यवसिए एवं २ भेद कह्या १४२

प्रश्न—दस हजार बरस थिति वाला देवता में केतली लेस्या।

उत्तर—उतराधेन अ: ३६ क्रष्ण तथा तेजु कहिजे छे एकदेवता में द्रव्य लेस्या १ पावे १४३

प्रश्न—नारकी देवता में भाव लेस्या केतला।

उत्तर—उतराधेन अ: ३४ टीका में छे लेस्या कही छे १४४

प्रश्न—सूख विपाकीया में मोक्ष केतला जासी केतला गया।

उत्तर—प्रथम तीन अने दसमो ए च्यारे ठांमे तो सिभ्भाहति पाठ छे ते माटे सिभ्भा से मोक्ष जासे पिण गया नहीं तिम कप वड़िया पदम आदि १० देवलोक गया माहा विदेह में मोक्ष जासी तिहां सिभ्भंहती पाठ छे तिम इहां पिण सिभ्भंहति पाठ छे अने ४।५।६।७।८।९ ए छे ठांमें सिद्धे गाठ छे ते माटे ए छे जणा सिद्ध थया मोक्ष पोहता १४५

प्रश्न—भरथने पहिला चारित्र आयो केवल उपनो।

उत्तर—जंबू द्वीप पणती में कह्यो भरतजी ७७ लाख पूर्व कुंवर पदे रह्या एक हाजार वर्ष मंडलीक राजा पणे सहस वर्ष उणो छे लाख पूर्व माहाराज पद भोगव्यो ८३ लाख पूर्व ग्रहस्थावासे रह्या देस उणो १ लाख पूर्व केवल पर्यायपाली अने संपूर्ण १ लाख पूर्व चारित्र पर्याय इणन्याय पहिला चारित्र आयो पछ केवल उपनो १४६

प्रश्न—मोरा देवी ने चारित्र किहां कह्यो ।

उत्तर—ठाणांग ठा: ४ उ: १ में कह्यो मोरा देवी अलप थोड़ो काल चारित्र पालो सोमोच्च पोंहता १४७

प्रश्न—शीत उष्ण २ स्निग्ध, लुख, ४ ए च्यार फरस सुलसा सूक्ष्म छे अनन्त प्रदेसोया खंध मांहि वादर पुण किमनिपजे ।

उत्तर—लुखा फरसनो वह्लल ताइ कर्गे हपरष री फरस नोपजे ४ ए ४ फरस करो वादर पण नुोपजे ए वृद्ध वर्णा तो १४८

प्रश्न—पाछला पोहर री पिंड लेहणो वे घड़ि होज थाकतां कइ स्थापेते किम ।

उत्तर—वे घडि दिन थाकतां पड़ि लेहण वस्त्रा दिक नो तो सूत्रा में कह्यो नथो सिभ्का नो उचारा दिक नो जोगा नो कह्यो छे सिभ्क तुपडिलेहए सिभ्क कहतां सिंभ्कानो लं कहतां पद पुरणे पड़ि लिहण इहां लु पद पुरणे टीका में दोपमा पिण कह्यो अने कणिही असूद्ध टिवा में लु कहता वस्त्रा दिक कह्यो ते विरुद्ध छे टीका में नहीं तो टवा में किहांथी आयो ए वीसमा अध्येयन में अभीग्र धारी रा कथन में पिण चौथो पोहर लागां पहिला पड़लेहन करणो पछे संथारा करे इम टीका में छे अने पाट में तो चोथे पोहर में पड़ि लेहण रो सेजरो कथन न कह्यो अनें आवसग अ: ४ दोय काल री पड़िलेहण साधु न कह्यो ते लेषे चौथा पोहर मे मन माने तिवारे करो अने पहले पोहर मे पहिलो चोथा भाग मते साधु ने पड़िलेहण कह्यो अने तेहने अपेक्षाय और साधुने पिण १ महुर्त म इ पड़िलेहण जीतव्यवहार अग्नि अहसे कह्यो तो ते प्रमाणे करणो १४९ .

प्रश्न—पांदुगमन संथारे वाले री सार संभाल व्यायावच और साधु करे के नहीं ।

उत्तर—ज्ञाता अ: १ कह्यो मेघ मुनि पादु गमन संथारो कीयो

तेहनी वेयावच आगला पणे थिवरां कोधी चाली छेते माटे वेयावचरो आगार अनुमोदना मेघ मुणीदरे हुंती १५०

प्रश्न—छलाति छल योग किण ने कह्यो जे।

उत्तर—चंद पणती।

श्री

॥ अथ अंणुकंपा री चोपाई प्रारम्भ ॥

॥ दोहा ॥ पोते हणावे नहीं ॥ पर जीवां रा प्राण ॥ हणे तिण ने भलो जाणे नहीं ॥ ए नव कोटी पचखाण ॥ १ ॥ अभय दान दया कही ॥ श्री जिन आगम मांह ॥ ती पिण ध्यंघ उठावियो ॥ जैनी नाम धराय ॥ २ ॥ त्यां अभय दान नहीं ओलख्यो ॥ दयारी खबर न काय ॥ भोला लोगां आगले ॥ कूडा चोचि लगाय ॥३॥ कहै साधु वचावे जीवने ॥ ओराभ न कहै तुं बचाय ॥ लो जाणे बचिया थका ॥ पिण पूछ्या पलटे जाय ॥ ४ ॥

ढाल १ पहलि ॥ चतुर नर छोड़ो कुँगरु नी संग ॥ (ए देसी) इण साधां रे भेषमेंजी बोले एहवि वाय ॥ म्हे पीयर छा छे कायना जी ॥ जीव बचाया जाय ॥ चतुर नर समझे ज्ञांन बिचार ॥ १ ॥ एहवि करे परुपना जी पिण बोले बंध न होय ॥ पलट जाय पूछ्या थका ॥ ते भोला ने खबर न कोय ॥ च: ॥ २ ॥ पेट दुखे सो श्रावका जी ॥ जुदा होवे जीव काय ॥ साध आया तिण अवसरे जी ॥ हाथ फेर्यां सुखथाय ॥ च: ॥ ३ ॥ साधु पधारय दिखने जी ॥ गिरस्त बोल्या वाय ॥ थे हाथ फेरो पेट ऊपरें ॥ सो श्रावक जीव जाय ॥ च: ॥ ४ ॥ जद कहै हाथ न फेरणो जी ॥ साधा ने कल्पे नांह येकहता जीव बचावण ॥- अवे बोले ने बदलो काय ॥ च: ॥ ५ ॥ गोसाला ने वीर बचांवयो जी ॥ तिण में काह्यो छे धर्म ॥ सो श्रावक नई बचावथा॥ ज्या री सरधा रो निकल्यो भर्म॥च:॥६॥गोसाले रे कारणे जी ॥ लबध फोडि जगनाथ ॥ सो श्रावक मरता देखने ॥

